दिन– शुक्रवार दिनांक– 13 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव विधेयक को स्वीकृति दी। विधेयक पर चार विधानसभाओं के अध्यक्षों से लिया जायेगा परामर्श।

02. बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज। प्रदेश के नौ सौ बारह केन्द्रों पर चार लाख अस्सी हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल।

03. पहुआ हवा के प्रभाव से राज्य के न्यूनतम तापमान में कमी का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान रोहतास और कैमूर जिले में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया।

04. और, भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार ने आठ पदक जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने एक देश एक चुनाव को लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रास्ताव को मंजूरी दी गयी। देशभर में लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव एक साथ कराने के लिए इससे संबंधित तीन विधेयकों को मंजूरी दी गयी। सरकार संयुक्त संसदीय समिति के माध्यम से इस विधेयक पर चार विधानसभाओं के अध्यक्षों से भी परामर्श लेगी। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि एक साथ चुनाव कराने से दीर्घकालीक रूप से खर्च में कमी आयेगी और देश के विभिन्न हिस्से, विभिन्न चुनावों के कारण पूरे साल आदर्श आचार संहिता के दायरे में नहीं रहेंगे। इधर, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि वन नेशन–वन इलेक्शन देश के लिए बहुत जरूरी है।

———बाईट———

इधर, भाजपा सांसद संजय जयसवाल ने कहा है कि वन नेशन–वन इलेक्शन बहुत अच्छा बिल है और यह कोई नया प्रयोग नहीं है। हमारे संविधान निर्माताओं ने जब संविधान की रचना की थी उसके बाद उन्नीस सौ सत्तर तक सभी चुनाव एक साथ ही होते थे।

———बाईट———

इधर, इस विधेयक पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आपत्ति दर्ज करते हुये कहा कि संसदीय शासन व्यवस्था में एक देश एक चुनाव का कोई स्थान नहीं है। उनकी पार्टी एक देश एक चुनाव के विचार का विरोध करती है।

————————————————————————

लोकसभा में आज संविधान पर दो दिन की चर्चा शुरू होगी। भारतीय संविधान की स्वीकृति के 75वें वर्ष के अवसर पर यह बहस शुरू हो रही है। लोकसभा के सूचीबद्ध कार्यों के अनुसार प्रश्नकाल के बाद भारत में संविधान स्वीकृति की 75वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा होगी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह चर्चा की शुरूआत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की चर्चा पर कल अपना मत रखेंगे। एक रिपोर्ट..

———रिपोर्ट———

————————————————————————

लोकसभा ने आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस पारित कर दिया है। विधेयक में आपदा प्रबंधन अधिनियम, दो हजार पांच में संशोधन का प्रावधान है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को कुशल बनाना है। विधेयक में राज्य सरकारों को राज्य आपदा मोचन बल गठित करने का अधिकार दिया गया है। विधेयक पर बहस का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह विधेयक यह सुनिश्चित करेगा कि उपशमन और तैयारी संबंधी कारगर उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

———बाईट———

इस संशोधन विधेयक के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर मैं जरूर माननीय सदन को बताना चाहूंगा कि यह संशोधन विधेयक केंद्र राज्य और जिला स्तरों पर आपदा प्रबंधन संस्थानों को उनकी भूमिकाओं में स्पष्ट और एकरूपता लाकर मजबूत करने का है।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज होगी। परीक्षा का आयोजन एक पाली में दोपहर बारह बजे से दो बजे के बीच होगा। सुबह ग्यारह बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इस परीक्षा के लिए पटना समेत पूरे प्रदेश में नौ सौ बारह केन्द्रों पर चार लाख अस्सी हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मुनभाई ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी। प्रत्येक केंद्र पर जैमर लगाए गये हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईकार्ड या अन्य कोई फोटो पहचान पत्र रखना होगा, जिससे उनकी पहचान सुनिश्चित होगी। अध्यक्ष ने कहा कि परीक्षा हॉल में सभी अभ्यर्थियों की बायोमीट्रिक उपस्थिति ली जाएगी।

———बाईट———

इधर, आर्थिक अपराध इकाई संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा सोशल मीडिया प्लेटफॉम की विशेष निगरानी कर रही है। किसी भी प्रकार की सूचना देने के लिए वाट्सएप नम्बर– आठ पांच चार चार चार दो आठ चार शून्य चार जारी किया गया है। कई जिलों में परीक्षा अवधि में फोटो कॉपी की दुकाने बंद की गयी हैं।

————————————————————————

प्रयागराज में तेरह जनवरी से शुरू हो रहे महाकुंभ को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को आमंत्रित किया है। कल पटना में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह और राकेश सचान शामिल हुए। इस अवसर पर श्री सचान ने बिहारवासियों को महाकुंभ में आने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

———बाईट———

इधर, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रयागराज में महाकुंभ के दर्शकों के लिए तैयार किये गये सहायक चैट बोर्ड का शुभारंभ करेंगे। इससे मेले का आयोजन अधिक व्यवस्थित और सुगम्य बन सकेगा। यह मेला छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

————————————————————————

पटना सहित पूरे प्रदेश के सभी अनुमंडलीय न्यायालयों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर लघु आपराधिक मामले, बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना जैसे मामलों का निपटारा किया जायेगा।

————————————————————————

प्रदेश में सर्द पछुआ हवा के कारण ठंड में बढ़ोतरी हो रही है। हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी होने से राज्य में कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति भी उत्पन्न हो गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। वहीं, कैमूर और रोहतास जिले में अगले दो दिन तक शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पांच दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान ग्यारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

—————————————————————

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने कल सीतामढ़ी जिले के बाजपट्टी थाना क्षेत्र के बाजपट्टी गोथ गांव में छापेमारी की है। एनआईए की टीम ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के मामले के संदेह में लियाकत अंसारी और उसके पुत्र अब्दुल अलीम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। टीम ने बिहार समेत पांच राज्यों में एक साथ छापेमारी की थी।

—————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि देश में पूजा स्थल अधिनियम के अंतर्गत अब कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा। न्यायालय ने लंबित मामलों में शीर्ष अदालत के अगले आदेश तक कोई अंतिम या प्रभावी आदेश पारित नहीं करने का भी आदेश दिया। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता में विशेष पीठ ने केंद्र सरकार से 1991 अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चार सप्ताह के भीतर अपना उत्तर देने को कहा। इन याचिकाओं में पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने या उसमें बदलाव की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाने की मांग की गई है। पीठ ने केन्द्र, याचिकाकर्ताओं और अधिनियम का समर्थन करने वाले पक्षों की दलीलों का संकलन करने के लिए अधिवक्ता कनु अग्रवाल, विष्णु शंकर जैन और इजाज मकबूल को नोडल अधिवक्ता नियुक्त किया। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार।

—————————————————————

राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने कहा है प्रदेश में जनवरी से पहले शेष सभी पैक्स में चुनाव करा लिये जायेंगें। प्राधिकार के अनुसार इसके तहत मतदाता सूची में गडबडी के कारण रद्द हुए एक सौ तीन और नगर निकाय के दौ सौ दो पैक्स का चुनाव कराया जायेगा। प्राधिकार के सचिव पुरूषोत्त्म पासवान ने बताया कि शेष पैक्स के चुनाव में अब पैक्स गोदाम में बूथ नहीं बनाये जायेंगे।

—————————————————————

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुये पिछले दिनों रद्द की गयी कुछ स्पेशल ट्रेन का परिचालन पुरर्बहाल करने का निर्णय लिया है। रेलवे के अनुसार इनमें झंझारपुर–पाटलिपुत्र स्पेशल, राजगीर–पटना स्पेशल और गया–पटना स्पेशल अप और डाउन की ट्रेन चौदह से उन्नीस दिसम्बर तक परिचालित की जायेंगी।

—————————————————————

ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार ने आठ पदक जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है। प्रतियोगिता में बिहार के एथलिटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुये चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक प्राप्त किये हैं। इससे पहले इस प्रतियोगिता में बिहार को एक भी पदक हासिल नहीं हुआ था।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जीपीएस लैस एक सौ नौ मुफ्त औषधि वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

दैनिक जागरण ने सचिवालय के सभी विभागों और अधिनस्त कार्यालयों में राज्यकर्मी समय पर नहीं आ रहे से जुड़ी खबरों को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– देर से आफिस आए तो बनेंगे दंड के भागी, वेतन भी कटेगा।

दैनिक भास्कर की प्रमुख खबर है– राज्यकर्मी का दर्जा पाए बारह हजार शिक्षक दो वर्ष में रिटायर हो जायेंगे। अखबार लिखता है– अठारह हजार शिक्षक बगैर प्रोमोशन के रिटार्यड होंगे।

प्रभात खबर ने गिरते भू–जल स्तर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– सरकार की पहल–सभी जिलों में कुएं, तालाब और पोखर की होगी मैपिंग।

आज अखबार की सुर्खी है– विश्व शतरंज के बादशाह बने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक देश एक चुनाव विधेयक को स्वीकृति दी। विधेयक पर चार विधानसभाओं के अध्यक्षों से लिया जायेगा परामर्श।

02. बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा आज। प्रदेश के नौ सौ बारह केन्द्रों पर चार लाख अस्सी हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल।

03. पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के न्यूनतम तापमान में कमी का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान रोहतास और कैमूर जिले में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया।

04. और, भुवनेश्वर में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बिहार ने आठ पदक जीतकर नेशनल रिकॉर्ड बनाया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।